संक्षिप्त

राजकीय अंबेडकर छात्रावास में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

पावटा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालयों में शैक्षिणक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 16 में 2025 से शुरू हुआ है। ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गेंदालाल एवं राजकीय अंबेडकर छात्रावास पावटा छात्रावास अधीक्षक शिवकुमार शर्मा ने बताया कि छात्रावास में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से छात्र आवेदन कर सकते हैं। छात्रावास में प्रवेश हेतु सभी वर्गों के छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2025 नियत है। कक्षा 6 से 12 में अध्यनरत सभी वर्गों एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यू एस के छात्रों को नियमानुसार निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। इसमें प्रवेशित छात्रों को निशुल्क आवास, भोजन, व यूनिफॉर्म की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

ऋग्वेद पारायण महायज्ञ आज से

निवाई। गांव मूण्डिया में सत्यासत्य निर्णय योग साधना वेदाश्रम मूण्डिया के तत्वावधान में 21 से 25 मई तक पांच दिवसीय विशाल ऋग्वेद पारायण महायज्ञ व प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक आईएएस केसरलाल मीणा ने बताया कि बुधवार को ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का शुभारम्भ विधायक रामसहाय वर्मा, आचार्य हरिश्चंद्र शास्त्री गुरूकुल भुसावर, आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के मंत्री जीवर्धन शास्त्री, स्वामी आत्म ज्ञानानन्द, किशनलाल गहलोत, जयसिंह गहलोत, भजनोपदेशिका प्रियंका आर्या व सुमन शास्त्री भुसावर, वेद पाठी ब्रह्मचारणी नूतन आर्या व अनामिका आर्या द्वारा विधिवत ध्वजारोहण करके किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 मई से प्रतिदिन सुबह 7:30 से 10 बजे तक ऋग्वेद पारायण यज्ञ, 10 से 12:30 बजे तक आध्यात्मिक प्रवचन, दोपहर 2 से 4 बजे तक भजन, शाम को 4 से 5:30 बजे तक ऋग्वेद पारायण यज्ञ व रात्रि 8:30 से 10:30 बजे तक भजन एवं शंका समाधान सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

तिरंगा यात्रा आज

श्रीमाधोपुर। ''आपरेशन सिन्दूर'' की गौरवशाली सफलता के उपलक्ष में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा बुधवार को सांयकाल 5 बजे अरुण पेलेस श्रीमाधोपुर से से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शहीद तपसीराम निठारवाल स्मारक, एफसीआई गोदाम के पास श्रीमाधोपुर पहुंचेगी। यह जानकारी देते हुए तिरंगा यात्रा के विधानसभा संयोजक कमल जैन, सहसंयोजक एडवोकेट रामकिशन सैनी, निर्मला चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस यात्रा में सभी सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों व आमजनों से सहभागी होकर हम सब मिलकर वीर सपूतों को नमन करें और राष्ट्र भक्ति की भावना से ओतप्रोत इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनने की अपील की है।

उपजिला अस्पताल पावटा के डॉ. रवि बंसल बने पीएमओ

पावटा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर पावटा उपजिला अस्पताल में डॉ. रवि बंसल कनिष्ठ विशेषज्ञ (मेडिसिन) को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है। पीएमओ डॉ. रवि बंसल ने बताया कि पावटा उपजिला अस्पताल में नए विकास के कार्य करने और मरीजों को बेहतर सुविधा देने के प्रयास किए जाएंगे। उप जिला अस्पताल की टीम को साथ लेकर सभी की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान डॉ. रवि बंसल को पीएमओ नियुक्त करने पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व अस्पताल की टीम ने माला पहनाकर स्वागत किया।

तिरंगा यात्रा कल, तैयारियां जोरों पर

चाकसू। ऑपरेशन सिन्दूर की गौरवशाली सफलता एवं भारतीय सेना के सम्मान के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा 22 मई को प्रातः 7:30 बजे आदर्श विद्या मंदिर गणेशपुरी धाम चाकसू से तिरंगा यात्रा रवाना होगी जो मुख्य बाजार होती हुई सब्जी मंडी के पास राधाबल्लभ मन्दिर पर सम्पन्न होगी। एडवोकेट अमित बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि यह तिरंगा यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय सेवा की विजय यात्रा है तिरंगा यात्रा में बढ चढकर भाग लें और देश के जांबाज सैनिकों के सम्मान में शामिल हो।

खैरथल पेट्रोल पंप पर आग, कलेक्टर ने कराई माकड्रिल, अधिकारियों ने दिखाई तत्परता

- खैरथल में किशनगढ़ बास रोड पर पेट्रोल पंप पर आग की सूचना से प्रशासनिक तंत्र व आमजन में हड़कंप मच गया।
- जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा आपात स्थिति में समयबद्ध प्रतिक्रिया जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने सफल प्रयासों के लिए सभी विभागों की प्रशंसा की

खैरथल। किशनगढ़ बास रोड पर स्थित पेट्रोल पंप पर आग की सूचना से हड़कंप मच गया। जिला कलेक्टर सहित मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे। आग पर काबू पाने के लिए अग्नि शमन वाहन बुलाएं गए मैडीकल की टीम पहुंची। बाद में मालूम पड़ा यह सब आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनक ओर से काल्पनिक आगजनी की घटना को दर्शाया जाकर माकड्रिल कर विभागों की तत्परता को जांचा है।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि खैरथल जिला मुख्यालय पर सचिवालय से करीब एक हजार मीटर दूर के किशनगढ़ बास रोड पर स्थित पेट्रोल पंप पर मंगलवार को आपातकालीन स्थिति निपटने के काल्पनिक आग की सूचना देकर माकड्रिल कर त्वरित बचाव को लेकर पूर्व अभ्यास किया जाकर अग्नि शमन, विधुत विभाग व मेडिकल टीम सहित संबंधित विभागों व पुलिस एवं प्रशासन की सजगता को जांचा परखा गया। मॉकड्रिल के तहत आग लगने की सूचना जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिला सचिवालय कंट्रोल रूम से सुबह 11:20 बजे दी। सूचना मिलते ही प्रशासनिक तंत्र हरकत में आ गया। केवल 6 मिनट में जिला कलेक्टर किशोर कुमार, एसपी मनीष कुमार मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने पहुंचकर एंबुलेंस को 11:26 पर सूचना दी जो 11:30 पर पहुंच गई, खैरथल और किशनगढ़ बास पुलिस अधिकारी 11:20 पर सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ 11:32 तक पहुंचे, दमकल वाहन को 11:23 पर सूचना दी जो पांच मिनट में ही 11:28 पर पहुंच गई। चिकित्सा विभाग 11:23 पर सूचना दी जो 11:35 तक स्टाफ के साथ मोके पर पहुंचे। विद्युत विभाग ने सूचना के तुरंत बाद ही बिजली कटौती की। प्रशासन की इस तत्परता और समन्वय को देखकर जिला कलेक्टर ने सराहना की। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में समयबद्ध प्रतिक्रिया जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती है, और यह मॉकड्रिल इसी तैयारी की एक कड़ी है। इस दौरान मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरथल रतनलाल भार्गव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, एसडीएम मनीष जाटव, एएसपी राजेंद्र कुमार सहित विभागों के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

खैरथल पेट्रोल पंप माकड्रिल के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार, एसडीएम मनीष जाटव सहित पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी।

'अवैध खनन पूर्ण रूप से बंद हो'

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय पर अवैध खनन को लेकर एसआईटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरथल रतनलाल भार्गव, खनन अभियंता मनोज शर्मा परिवहन एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने बैठक में अभियान के दौरान पुलिस वन एवं खनिज विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की। बैठक में खनन अभियंता ने बताया कि संबंधित विभागों द्वारा अवैध खनन,निर्गमन, भंडारण के विरुद्ध इस वर्ष अब तक 20 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। अभियान के दौरान 24 ट्रैक्टर, मशीन व डंपर जब्त एवं कार्यवाही में 14 एफआईआर एवं 30 लाख की पेनल्टी लगाई गई है। जिला कलेक्टर ने समीक्षा कर अधिकारियों को समय-समय पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि अवैध खनन को पूर्ण रूप से बंद किया जा सके तथा सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाही के लिए निर्देशित किया।

मंडल रेल प्रबंधक ने किया गोवर्धन व गोविंदगढ़ स्टेशन का निरीक्षण

गोविन्दगढ़ /अलवर। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए गोवर्धन व गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। 22 मई 2025 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगरा मंडल के 05 रेल्वे स्टेशन जिसमें गोवर्धन, गोविंदगढ़, मंडावर महुवा रोड, फतेहाबाद और ईदगाह स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, जलपान गृह, शौचालय, टिकट काउंटर, वेटिंग एरिया का मुआयना किया। अग्रवाल ने स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं और सफाई व्यवस्था को संतोषजनक पाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गोवर्धन व गोविंदगढ़ स्टेशन का कायाकल्प करते हुए इसे यात्रियों के लिए सुविधाजनक, आकर्षक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाया गया है। स्टेशन के प्रवेश द्वार को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है तथा नवीन फसाड लाइटिंग से इसकी शोभा बढ़ाई गई है। वेटिंग हॉल तथा एग्जीक्यूटिव लाउंज को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए उन्नयन किया गया है।

सर्कुलेटिंग एरिया में साइनेज लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को मार्गदर्शन में आसानी हो।स्टेशन की साज-सज्जा में स्थानीय कला और सांस्कृतिक पहचान को विशेष स्थान दिया गया है। दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु विशेष शौचालय, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तथा रैंप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। निरीक्षण के क्रम में अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल डीग रेलवे स्टेशन पर चल रहे नवनिर्मित कार्यों का भी जायजा लिया निरीक्षण के दौरान सीपीएम गति शक्ति एम पी सिंह, उप मुख्य इंजीनियर गति शक्ति होतम सिंह,उप मुख्य मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर गति शक्ति योगेश मित्तल , उप मुख्य विद्युत इंजीनियर गति शक्ति चंद्र पाल,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय विवेक , वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हर्षिकेश मौर्या ,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सामान्य आर के बघेला, मंडल परिचालन प्रबंधक कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए गोवर्धन व गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

ऑनलाईन पेमेंट को लेकर मजदूर वर्ग के दैनिक रेल यात्री हो रहे है परेशान

- प्रशासन अड़ा हुआ है अपनी जिद पर, दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत ने की मांग
- फुलेरा रेलवे टिकट बुकिंग काउंटर पर एंड्रॉयड मोबाइल के बिना नहीं बनता है एम एस टी

फुलेरा । एक ओर तो भारत सरकार, रेल मंत्रालय एवं रेल प्रशासन आमजन की सुविधाओं के लिए बहुआयामी कार्य करके लोगों को सुविधाएं मुहैय्या करा रहे है। परन्तु फुलेरा जंक्शन के रेलवे टिकट बुकिंग काउण्टर पर कुछ और ही नजारा देखने और सुनने को मिल रहा है। जहां पर मजदूर वर्ग के दैनिक रेल यात्रीयों को एम एस टी के लिए नगद रूपये ना लेकर सिर्फ ऑन लाइन पेमेंट करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। क्योंकि फुलेरा जंक्शन के रेलवे टिकट बुकिंग काउण्टर पर यदि आपको एम एस टी बनवाना है तो पहले अपनी जेब में एंड्रॉयड मोबाइल फोन होना चाहिए। अन्यथा आप रह सकते है अपना एम एस टी बनवाने से वंचित।

क्योंकि फुलेरा जंक्शन के रेलवे टिकट बुकिंग काउण्टर पर नगद पेमेंट करने पर मासिक सीजन टिकट (एम एस टी) नहीं बनाया जा रहा है। इसको लेकर मजदूर वर्ग के दैनिक रेल यात्री परेशान हो रहे है। साथ ही उनमें प्रशासन के लिए काफी हद तक रोष भी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार यहां के बुकिंग काउण्टर पर तैनात कर्मचारियों द्वारा केवल ऑन लाइन पेमेंट करने पर ही एम एस टी बनाया जा रहा है। ऐसे में रोजाना दिहाड़ी मजदूर जिनके पास ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए कोई मोबाइल सुविधा नही है। तो कई लोगों के पास एंड्रायड मोबाइल नहीं है ऐसे में यह गरीब मजदूर लोग कैसे ऑनलाइन पेमेंट कर सकते है। इसके लिए आए दिन कर्मचारीयों और एम एस टी बनवाने वाले दैनिक रेल यात्रीयों नोंक-झोंक होना आम बात बनी हुई। इसके चलते कई बार तो उनकी ट्रेनें भी छूट जाती है, और उस दिन के अपने रोजगार से भी वंचित रहना पड़ जाता है।

मजदूर वर्ग के दैनिक रेल यात्रीयों की इस गंभीर समस्या को लेकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने रेल प्रशासन से मांग की है कि ऐसे में मजदूर वर्ग एवं पिछड़े लोगों के लिए एम एस टी से रेलों में आवागमन करने के लिए तो मानो कि एक तरह ग्रहण ही लग गया है। वहीं अध्यक्ष वासदेव ने आगे बताया कि फुलेरा जंक्शन से दैनिक रेल यात्री मजदूर वर्ग के हजारों लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए जयपुर, कनकपुरा, नरैना, किशनगढ़, अजमेर, मकराना सहित अन्य शहरों में रेल गाड़ियों द्वारा आवागमन करते है। इसके लिए दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने प्रशासन से मांग की है कि फुलेरा में एम एस टी के लिए ऑनलाइन पेमेंट प्रक्रिया को तुरंत प्रभाव से रोककर नगद मूल्य प्राप्त कर यह टिकट बनाया जाए।

इसके चलते स्थानीय गरीब मजदूरों को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही फुलेरा से रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। क्योंकि यहां बुकिंग काउंटर पर नगद मूल्य प्राप्त कर एम एस टी नहीं बनाने के कारण मजबूरीवश लोगों को जयपुर या गांधीनगर रेलवे स्टेशन जाकर नगद भुगतान देकर एमएसटी बनवाना पड़ है।

ग्रामीणो ने की एक्वा वाटर फैक्ट्री को बंद करने की मांग

अलवर। एक तरफ तो अलवर जिले में पेयजल को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है वही बिना अनुमति के डार्क जोन अलापुर में बनी एक फैक्ट्री में जमकर पेयजल का दोहन किया जा रहा है जिसका ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। आपको बता दें करीब आठ महीने पहले अलवर तहसील की माचडी ग्राम पंचायत के गांव अलापुर में एक मिनरल वाटर की फैक्ट्री लगाई गई थी जिसका ग्रामीणों ने कडा विरोध किया और इस प्रकरण को लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस का भी ग्रामीणों ने आयोजन कर सरकार का ध्यान इस और खीचा जिस पर प्रषासन ने संज्ञान लेते हुए उसे वही रोकने का आदेश जारी किया था। लंबे अंतराल के बाद इस फैक्ट्री में वाटर प्रोडक्शन इस बार चालू कर दिया है जिसका ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है ग्रामीणों का कहना है कि अलापुर गांव डार्क जोन में आता है यहा पेयजल के लिए लोगों को दूर से पानी लाना पड़ता है वही किसानों के खेतों में लगे ट्यूबवेल भी इस फैक्ट्री के चलने से सूख जाएंगे क्योंकि इस फैक्ट्री में अनेको टूवेल खुदे हुए है जिससे अलापुर ही नही आसपास के गांवों का भी पानी सूख जाएगा और ग्रामीणों को अपनी जमीन और मकान छोडकर पलायन करने को मजबूर होना पडेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि यह जमीन गाजियाबाद उत्तर प्रदेश की फर्म एक्वाफिल्स ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड ने खरीदी और जब इस भूमि पर फैक्ट्री बनी और उसमें एक दर्जन से ज्यादा बोरिंग की गई जिसकी गहराई बहुत ज्यादा की गई तो ग्रामीणों का माथा ठनका और उन्होंने इस बारे में जानकारी हासिल की तो उन्हें बताया गया कि यह सब गांव वालो के लिए कृषि कार्य के लिए है लेकिन कुछ समय बाद ही यहां वाटर का प्रोडक्शन शुरू करने की तैयारी की गई तो ग्रामीण इस फैक्ट्री के विरोध में लामबंद हो गये और इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की और सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया। मीडिया की सुर्खियां बनने के बाद जिला प्रशासन ने इस फैक्ट्री पर पाबंदी लगा दी लेकिन अब फिर इस फैक्ट्री को चालू करते हुए वाटर प्रोडक्शन चालू कर दिया गया है अब यह फैक्ट्री किसके आदेश पर चालू की गई है यह जांच का विषय है।

भाजपाईयों ने निकाली भव्य तिरंगा शोभा यात्रा

टोंक। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता और वीर जवानों के अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में जिला मुख्यालय पर भाजपा पार्टी टोंक द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो में भूतेश्वर महादेव मंदिर से घंटाघर तक निकाली, जिसमें कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी के हाथों में तिरंगा और भारत माता की जयकारों ने पूरे माहौल को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। तिरंगा यात्रा में केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा भारतीय सेना का शौर्य देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात है, ऑपरेशन सिंदूर जैसी सैन्य कार्यवाही हमें यह एहसास कराती हैं कि हमारी सीमाएं सुरक्षित हाथों में हैं। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सैनिकों के सम्मान की अभिव्यक्ति है। इसी प्रकार जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन का प्रतीक बनी और दिखाया कि देश की आम जनता आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, यात्रा ने दिखा दिया कि हर चेहरे पर गर्व, हर कदम पर देशभक्ति और हर आवाज में भारत के लिए सम्मान हैं।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय सेना पूरी तरह तैयार है और उसका मुकाबला करना किसी के बस की बात नहीं है। हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा में उमड़ा राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों का जनसैलाब हमारे वीर सपूतों के प्रति जनआस्था एवं सम्मान को दर्शाता है। यह यात्रा भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को समर्पित जनमानस की एकजुटता और देशप्रेम की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करती है।

वही पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के शौर्य और पराक्रम का हर कोई सम्मान कर रहा है. पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई तथा देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर में कहा कि यह तिरंगा यात्रा एकता, सम्मान और देशभक्ति की प्रतीक है, उन्होंने कहा कि देश हमारा गर्व, सेना हमारी शान है, उन्होंने कहा कि आमजन यात्रा में जोश, गर्व और राष्ट्रप्रेम के साथ जुड़े। इस तिरंगा यात्रा में मनीष दास, रामजी महाराज, बजरंग दास, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हामिद मेवाती, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, अजित सिंह मेहता, सतीश चंदेल, गणेश माहुर, श्यामलाल जैन, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, यात्रा जिला संयोजक प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, दीपक संगत, शैलेन्द्र चौधरी, रामनिवास गुर्जर, प्रधान काबरा, नरेश बंसल, बबलू, धोलू गुर्जर, पूर्व प्रधान जगदीश गुर्जर, रामचन्द्र गुर्जर, नंदलाल, ओम पांडे, नीलिमा आमेरा, प्रधान रामअवतार लांगड़ी, हंसराज धाकड़, रामकिशन गुर्जर, कमलेश यादव, लोकेश गुप्ता, गणेश सैनी, अंजली गुप्ता, सुरेश काचरिया, रमा चौधरी, हनुमान बरवास, दशरथ भाटी, चरण सिंह चौधरी, देवराज खाटरा, रत्तीराम पहाड़िया, उत्तम शर्मा सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वीर जवानों के अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में जिला मुख्यालय पर भाजपा पार्टी टोंक ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली।

संत शिरोमणि ज्ञान दास जी महाराज ने की जन सेवा की अपील

मनोहरपुर/विराटनगर। संत शिरोमणि ज्ञान दास जी महाराज ने समाजसेवी भगवान सहाय मीणा की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर, नेत्र चिकित्सा शिविर और नाक कान गला चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि देश और प्रदेश के युवा जन सेवा को नारायण सेवा मानकर कार्य करें। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश मीणा ने की, जिन्होंने समाजसेवी भगवान सहाय मीणा के परिवार और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और जन सेवा के इस कार्यक्रम को आजीवन करने का संकल्प लिया। विराट नगर पंचायत समिति के पूर्व प्रधान और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महादेव यादव ने रक्तदाताओं का आभार और सम्मान करते हुए कहा कि रक्त की एक बूंद जरूरतमंद को जिंदगी देती है। कार्यक्रम में बालाजी महाराज झंडा वाला मंदिर के पुजारी सोहन दास महाराज, कर्मचारी नेता जगदीश मीणा, बनवारी टॉक, पंचायत समिति सदस्य वेद प्रकाश बाकोलिया, दीपक शर्मा, सुरेश शर्मा, ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा सहित हजारों लोगों ने भाग लिया।

सार-समाचार

डीवाईएसपी को सौंपा ज्ञापन

निवाई। अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में महासभा के जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण शर्मा सूरिया व राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद ने समाज के गुमशुदा छात्र की तलाश करवाने की मांग को लेकर डीवाईएसपी मृत्यंजय मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद ने डीवाईएसपी मृत्यंजय मिश्रा को बताया कि पुलिस थाने में शुक्रवार को शिवजीराम शर्मा निवासी जयसिंहपुरा ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका पुत्र निरंजन शर्मा राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल में अध्ययनरत है। उसका बुधवार को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं परीक्षा का परिणाम आया था। परिणाम के बाद से ही वह बिना कहे घर से निकल गया था। उन्होंने बताया कि उसी दिन शाम को करीब 7 बजे शिवाजी पार्क रोड पर लगे सीसीटीवी केमरे में उसकी मोटरसाईकिल से निकलते हुए की फुटेज देखी गई। उसके बाद उसका कहीं भी पता नहीं लगा। जिससे परिजनों को हाल बेहाल है। उन्होंने छात्र की तलाश करवाने की मांग की है।

बाबूलाल को मिला ग्राम गदर पुरस्कार

मानपुरा माचेडी। भानपुर कलां निवासी पत्रकार बाबूलाल कांकरेलिया को कट्स संस्थान द्वारा वर्ष 2024 का ग्राम गदर ग्रामीण पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान सेहत पर भारी पैकेट बंद खाद्य पदार्थ एवं प्रोसेस्ड फूड विषय पर प्रभावी रिपोर्टिंग के लिए दिया जा रहा है। बता दें कि वर्ष 1983 से प्रकाशित हो रहा ग्राम गदर भित्ती-पत्र ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लोकप्रिय है। इस पत्र के 20 वर्ष पूर्ण होने पर 13 अप्रैल 2002 को ग्रामीण विकास में संचार माध्यमों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी। इसी अवसर पर ग्रामीण पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने हेतु वार्षिक पुरस्कार की परंपरा शुरू की गई थी। इस वर्ष की प्रविष्ठियों में से निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से बाबूलाल कांकरेलिया पुत्र रमाशंकर कांकरेलिया को चयनित किया। भानपुर कलां निवासी कांकरेलिया वर्षों से स्वतंत्र पत्रकारिता में सक्रिय हैं और उनके लेख विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य और पोषण जैसे विषयों पर उल्लेखनीय लेखन कर ग्रामीण समाज में चेतना लाने का प्रयास किया है। कट्स संस्थान द्वारा पुरस्कार स्वरूप उन्हें दस हजार रुपए नकद राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम शीघ्र घोषित किया जाएगा। यह सम्मान ग्रामीण पत्रकारिता को नई दिशा देने वाले प्रयासों को पहचान देने की एक सराहनीय पहल है।

आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल व पुलिस उपअधीक्षक मालुपरा आशीष प्रजापत तथा पचेवर थानाधिकारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने नाबालिक लडकी के अपहरण व छेडछाड के आरोपी को किया गिरफतार थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया थाने में परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि गत 10 अप्रेल की रात्रि को मेरी भांजी शोचालय के लिये गई थी, जिसको बहला-फुसलाकर कल्याण पुत्र घासी लाल निवासी पचेवर ने ढोली मे पटकर लेकर भाग गये। जिनके खिलाफ थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। इस दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर तलाश कर आरोपी रामकल्याण पुत्र घासी जाति मीणा उम्र 23 साल निवासी पचेवर को डिटेन कर बाद अनुसंधान के गिरफ्तार किया गया, पुलिस द्वारा प्रकरण में अनंसुधान जारी है।

शीतल जल प्याऊ का हुआ उद्घाटन

कोटपूतली। सामाजिक संगठन श्रीराम सेना के संरक्षक दिनेश मित्तल व अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को बानसूर रोड़ पर शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन किया गया। श्रीराम सेना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को सेवा प्रदान करना है। संगठन का यह प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है और आने वाले समय में भी ऐसे ही पुनीत कार्य जारी रहेंगे। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि वे आगे भी समाज सेवा के लिये तत्पर रहेंगे और ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने एकजुट होकर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस दौरान सरपंच विनोद शेखावत, महामंत्री डॉ. जयप्रकाश कोटिया, उपाध्यक्ष कमल पंडित, प्रचार मंत्री प्रमोद शर्मा, सचिव गौरव शर्मा, सह सचिव आलोक शर्मा, अतुल गर्ग, ज्ञानदेव सिंह, सतवीर सिंह आदि श्रीराम सेना के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। फोटो। कोटपूतली। 01। शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन करते संरक्षक दिनेश मित्तल।

नगरपरिषद ने थमाया नोटिस

शाहपुरा। कस्बे के समीप घासीपुरा में इन दिनों के नाम से फार्म हाउस व कॉलोनी काटी जा रही है। हालांकि यह जमीन जिला कलक्टर जयपुर के यहाँ से अनुमोदित हो रखी है लेकिन विज्ञापन व प्रचार-प्रसार की सामग्री में डीलर द्वारा त्रुटि के चलते जेडीए अप्रूव्ड़ लिख दिया गया। इसको लेकर नगरपरिषद आयुक्त शुभम गुप्ता ने 16 अप्रैल 2025 को कॉलोनाईजर को नोटिस देकर जवाब मांगा था। लेकिन कॉलोनाईजर द्वारा सिर्फ मौखिक व वाट्सएप के जरिये ही जवाब पेश किया गया। जबकि परिषद द्वारा 2 दिवस में लिखत जवाब मांगा गया था। कॉलोनाइजर रजत चुघ ने बताया कि प्रिंटिंग प्रेस की गलती के चलते गलत पोस्टर छप गये थे। उसके बाद दूसरे पोस्टर भी छपा दिए गए है। और हमारे द्वारा किसी के साथ छल या धोखा करने का आरोप निराधार है। एक व्यक्ति भी हमारे द्वारा ठगी का शिकार नहीं हुआ है। जिला कलक्टर द्वारा अनुमोदित प्लान दिखाकर ही लोगों को जमीन बेची जा रही है। इधर, नगरपरिषद आयुक्त शुभम गुप्ता ने कहा कि लोंगो की शिकायत मिलने के बाद नगरपरिषद की पेराफेरी में आने के कारण नोटिस जारी किया गया था। जिला कलक्टर के यहाँ से नक्शा अनुमोदन हो रखा है लेकिन अभी तक नगरपरिषद में फाइल ट्रांसफर होकर नहीं आई है।

रक्तदान शिविर के पोस्टर का किया विमोचन

श्रीमाधोपुर । आपरेशन सिंदूर की अपार सफलता प्राप्त होने एवं मानव सेवा के तत्वावधान में अजीतगढ़ के समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं ने 25 मई को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रखा है जिसका पोस्टर विमोचन क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्थान सरकार में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के साथ हवामहल जयपुर से विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज ने किया। भाजपा युवा नेता जितेन्द्र जांगिड़ ने बताया कि शि